प्रेस नोट

दिनांक- 16.12.2024

सीपरी बाजार पुलिस द्वारा एक ट्रक मूंगफली चोरी करने वाले दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया।

श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्रीमती सुधा सिंह महोदया के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक नगर झाँसी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह , क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामवीर सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.12.2024 को समय करीब 13.54 बजे दोपहर को अम्बाबाय मोड़ के पास थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी से अभियुक्तगण 1. जयन्ती सिंह पुत्र कान्ती सिंह निवासी ग्राम पलरा झाल थाना सिकारपुर जनपद बुलन्दशहर उम्र करीब 32 वर्ष हाल पता अंकित भाटी का किराये का मकान पुलिस चौकी सूरजपुर के पीछे थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर , 2. मनीष कुमार पुत्र मदन मोहन शुक्ला निवासी ग्राम एदलगढ़ी थाना नौझील जनपद मथुरा हाल पता नीरज बंसल का किराए का मकान महा मेघा वाली गली निकट HDFC बैंक सूरजपुर थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया , जिनके कब्जे से चोरी के 198 बोरे मूंगफली व 1,23,025 नगद रूपये बरामद हुए। जिसके संबंध में थाना सीपरी बाजार में क्रमशः 397/24 धारा 3(5)/316(3)/317(4) बी0एन0एस0 का अपराध पंजीकृत है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19.11.2024 को मैसर्स बालाजी इण्डस्ट्रीज विशिष्ट मण्डी भोजला के संचालक विजय कुमार गोयल द्वारा 426 मूंगफली से भरे बोरों से लदे ट्रक संख्या RJ 32 GC 3762 को रिद्धि सिद्धि फूड प्रोसेस गोंडल गुजरात के लिये रवाना किया था। उक्त ट्रक 426 बोरे मूंगफली सहित रिद्धि सिद्धि फूड प्रोसेस गोंडल गुजरात में ना पहुंचने पर विजय कुमार गोयल द्वारा थाना सीपरी बाजार झांसी में मु0अ0सं0 397/24 धारा 316(2)/61(2) बी0एन0एस0 में अभियुक्तगण 1.शिवा यादव पुत्र स्व0 सिया शरण यादव निवासी खरपुरा करैरा जनपद शिवपुरी (म0प्र0) 2. धर्मपाल झा पुत्र रतिराम जाट निवासी गोलाहरा अलवर (राजस्थान) 3.ट्रक चालक नाम व पता अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था। आज दिनांक 16.12.2024 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण 1. जयन्ती सिंह पुत्र कान्ती सिंह तथा 2. मनीष कुमार पुत्र मदन मोहन शुक्ला को चोरी की 198 बोरे मूंगफली व शेष मूंगफली बेंचने से प्राप्त रूपये 1,23,025 रूपयों सहित समय करीब 13.54 बजे अम्बाबाय मोड़ के पास थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे कड़ाई से पूंछतांछ पर उक्त अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि ट्रक में मौजूद 426 बोरे मूंगफली में से 341 बोरे मूंगफली दूसरे ट्रक में पलट लिया गया था तथा ट्रक नंबर RJ 32 GC 3762 में 85 बोरे मूंगफली राजस्थान में एक ढाबे के पास रोड के किनारे खड़ा कर भाग गये थे। अभियुक्तगण द्वारा 143 बोरे मूंगफली को बेंच दिया गया था प्राप्त रूपयों में से पकड़े गये अभियुक्तगण के पास से कुल 1,23,025 रूपये प्राप्त हुए तथा शेष रूपयों के साथ एक अन्य अभियुक्त नितिन राणा पुत्र वीरपाल राणा उर्फ बरवारे नि0 ग्राम पारपा थाना धौलाना जिला हापुड़ उ0प्र0 लेकर फरार है।

गिरफ्तारी का दिनाँक ,समय एवं स्थानः—

दिनांक 16.12.2024 को दोपहर 13.54 बजे, अम्बाबाय मोड़ के पास थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

1. जयन्ती सिंह पुत्र कान्ती सिंह निवासी ग्राम पलरा झाल थाना सिकारपुर जनपद बुलन्दशहर उम्र करीब 32 वर्ष हाल पता अंकित भाटी का किराये का मकान पुलिस चौकी सूरजपुर के पीछे थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर
2. मनीष कुमार पुत्र मदन मोहन शुक्ला निवासी ग्राम एदलगढ़ी थाना नौझील जनपद मथुरा हाल पता नीरज बंसल का किराए का मकान महा मेघा वाली गली निकट HDFC बैंक सूरजपुर थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 28 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 अखिलेश कुमार द्विवेदी थाना सीपरी बाजार
2. उ0नि0 शिवसागर सिंह
3. का0 490 नवीन कुमार
4. का0 1516 रविशंकर कुशवाहा